# Daily Current Affairs

Date : 12 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत राजस्थान का प्रदर्शन |
| 2. | राजस्थान में पहली बार 'घूमर फेस्टिवल' |
| 3. | प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर) |
| 4. | राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2025 |
| 5. | खेजड़ली बलिदान दिवस |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अखिल भारतीय एएसआई सिंपोजियम<br>2. जनवरी, 2024 से अब तक राज्य में 42 नवीन न्यायालय स्थापित<br>3. सहकारिता सदस्यता अभियान<br>4. प्रदेश में 31 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय<br>5. सिध्वी पंडित ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी |
| 7. | हिमाचल प्रदेश : चौथा पूर्ण साक्षर राज्य |
| 8. | राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (NSTFDC) |
| 9. | कतर: चर्चित स्थान |
| 10. | HIRE अधिनियम: अमेरिकी कानून |
| 11. | भारत-मॉरीशस संबंध |
| 12. | एस्परजिलस (Aspergillus) |
| 13. | एआई-आधारित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम 'नेवर अलोन' |
| 14. | प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) |
| 15. | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA) |
| 16. | स्वामी विवेकानंद के 1893 के शिकागो भाषण की 132वीं वर्षगांठ |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत राजस्थान का प्रदर्शन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों को 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2025' प्रदान किए गए।




### मुख्य बिन्दु:

- **दस लाख से अधिक की आबादी वाले 48 शहरों में राजस्थान के शहरों की स्थिति:**
  - **जयपुर –** 33वीं रैंक।
  - **जोधपुर -** 42वीं रैंक।
  - **कोटा -** 44वीं रैंक।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अलवर और उदयपुर :** तीन से दस लाख की आबादी तक के 42 शहरों में अलवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं उदयपुर 17वें स्थान पर रहा।
- **3 लाख से कम आबादी वाली श्रेणी :** राजस्थान का एक भी शहर शामिल नहीं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा इंदौर और उदयपुर को शहरी वेटलैंड प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पुरस्कृत किया गया।
- इंदौर और उदयपुर आर्द्रभूमि पर रामसर कन्वेंशन के तहत मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों की वैश्विक सूची (कुल शहर - 31) में जगह बनाने वाले पहले दो भारतीय शहर हैं।

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP)**

- **लॉन्च :** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 130 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से जनवरी, 2019 में।
- **NCAP का शुरुआती लक्ष्य :** वर्ष 2017 को आधार वर्ष मानते हुए वर्ष 2024 तक प्रमुख वायु प्रदूषकों; PM2.5 और PM10 की सांद्रता को 20 से 30 प्रतिशत तक कम करना था।
- लेकिन वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने इस कार्यक्रम के लक्ष्य में संशोधन कर दिया। नये लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2026 तक पार्टिकुलेट मैटर (MP) की सांद्रता में 40 प्रतिशत तक की कमी करनी है।
- **PM2.5 -** 40 माइक्रोग्राम (μg)/प्रति घन मीटर।
- **PM10 -** 60 माइक्रोग्राम (μg)/प्रति घन मीटर।
- **'NCAP 2.0' कार्यक्रम :** वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का पहला चरण समाप्त हो जायेगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय इस कार्यक्रम का दूसरा चरण लागू करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में पहली बार 'घूमर फेस्टिवल'

## चर्चा में क्यों?



- 15 नवम्बर, 2025 को राजस्थान में पहली बार 'घूमर फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** जयपुर।
- **आयोजक :** पर्यटन विभाग, राजस्थान।
- **उद्देश्य :** राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और महिला सशक्तीकरण को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**घूमर नृत्य (राजस्थान का राज्य नृत्य)**


- राजस्थान के 'लोकनृत्यों का सिरमौर' कहलाता है।
- इस नृत्य को 'राजस्थान की आत्मा' कहा जाता है।
- केवल महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है। आठ चरणों को 'सवाई' कहा जाता है।
- गणगौर घूमर नृत्य अकादमी की स्थापना वर्ष 1986 में राजमाता गोवर्धन कुमारी द्वारा की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर)

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार द्वारा 10 दिसंबर, 2025 को 'प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस' मनाया जाएगा।




## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य :** वैश्विक राजस्थानी प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत करना और प्रमुख क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता का उपयोग करना।
- प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, उद्योग और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा दिए गए योगदान के संवाद, सहयोग और मान्यता के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने के लिए कार्यक्रम के दौरान 'पंच गौरव' नामक एक लघु फिल्म दिखाई जाएगी, जिसमें राजस्थान के सभी जिलों की विरासत और गौरव को दर्शाया जाएगा।
- आयोजन के दौरान सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को उनकी उपलब्धियों के लिए 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान अवॉर्ड (PRSA)' से सम्मानित किया जाएगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- 10 दिसंबर, 2025 को मनाया जाने वाला प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस, राजस्थान सरकार द्वारा वैश्विक प्रवासी राजस्थानी समुदाय से जुड़ने की एक विशिष्ट पहल है।
- प्रवासी भारतीयों तक पहुंच के लिए राज्य के नोडल विभाग, राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम सभी अनिवासी राजस्थानियों को उनकी साझा पहचान का जश्न मनाने, विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के साथ सहयोग करने के नए रास्ते तलाशने और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक साथ लाता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान दिवस :**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान दिवस को 30 मार्च के स्थान पर भारतीय नववर्ष की प्रतिपदा (चैत्र प्रतिपदा) को मनाये जाने की घोषणा की।
- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राजस्थान की स्थापना हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र प्रतिपदा के दिन हुई थी। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार उस दिन 30 मार्च, 1949 का दिन था।
- प्रतिपदा भारतीय पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पहली तिथि होती है। यह दिन नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 08 सितंबर, 2025 को विधानसभा में 'राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक - 2025' ध्वनिमत से पारित हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

- विधेयक में बिना अनुज्ञा (अनुमति) पत्र के मछली पकड़ने, विस्फोटक अथवा विष डालकर मछली मारने जैसे मत्स्य अपराधों पर जुर्माना राशि को बढ़ाया गया है।
- पूर्व में, पहली बार अपराध साबित होने पर ₹500 की शास्ति (जुर्माना), 3 माह कैद की सजा या दोनों का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर ₹25000 किया गया है।
- दोबारा अपराध सिद्धि पर शास्ति राशि को ₹1,000 से बढ़ाकर ₹50,000 किया गया है, वहीं दोबारा अपराध करने पर 6 माह की जेल या शास्ति या दोनों का प्रावधान है। इसके बाद भी अपराध करने पर हर अपराध पर यह शास्ति या जेल या दोनों का प्रावधान है।
- मत्स्य संबंधी अपराधों के लिए 'निदेशक मत्स्य विभाग' को अधिकृत किया गया है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **नेशनल फिशरीज डवलपमेंट बोर्ड :** हैदराबाद।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना:

- **शुरुआत –** वर्ष 2020 में।
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) को 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पांच वर्ष (2020-21 से 2024-25) की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संबद्ध मंत्रालय - मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।**
- **उद्देश्य - इस योजना का उद्देश्य भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र को आधुनिक और सशक्त बनाना है। इसके तहत मछली उत्पादन, निर्यात, बुनियादी ढांचे की स्थापना, बाजार की पहुंच और मछुआरों के सशक्तीकरण हेतु कई उप-योजनाओं को संचालित किया जा रहा है।**
- **मत्स्यपालन क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख विकासशील क्षेत्र है, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय आय, निर्यात और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने में योगदान प्रदान करता है।**
- **विगत एक दशक में भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY), मत्स्य और जलकृषि अवसंरचना विकास कोष (FIDF) और ब्लू रिवॉल्यूशन जैसी प्रमुख योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र में 38,572 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।**
- **नीली क्रांति योजना - नीली क्रांति योजना वित्त वर्ष 2015-16 में 5 वर्षों के लिए 3000 करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ शुरू की गई थी।**
- **यह योजना मुख्य रूप से मछली उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित थी।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेजड़ली बलिदान दिवस

## चर्चा में क्यों?

- **खेजड़ली बलिदान दिवस प्रतिवर्ष 12 सितंबर को मनाया जाता है।**




## मुख्य बिन्दु:

- **12 सितम्बर, 1978 से खेजड़ली दिवस मनाया जा रहा हैं। 'खेजड़ली' नामक स्थान राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह दिवस खेजड़ी के पेड़ों की रक्षा करने वाले बिश्नोई समुदाय के 363 शहीदों के बलिदान की याद में मनाया जाता है।
- जोधपुर के राजा अभय सिंह के आदेश पर गिरधर दास के द्वारा 363 लोगों की हत्या की गई थी।
- पेड़ों की सुरक्षा के लिए गले लगाकर बिश्नोई समुदाय के बलिदान ने चिपको आंदोलन को प्रेरित किया।
- 12 सितम्बर,1730 को अमृता देवी बिश्नोई अपनी 3 पुत्रियों सहित तथा 363 बिश्नोई महिला - पुरुष खेजड़ी (हरे वृक्षों) को बचाने के लिए खेजड़ली में शहीद हुए थे।
- भाद्रपद शुक्ल दशमी को खेजड़ली मेला लगता है, यह मेला पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। खेजड़ली स्थान बिश्नोई समाज का पवित्र स्थल है।
- खेजड़ी का पेड़ पश्चिमी राजस्थान का सबसे प्रमुख वृक्ष है। वर्ष 1982-83 में खेजड़ी के पेड़ को राजकीय वृक्ष घोषित किया गया था।
- राजस्थान सरकार द्वारा 'अमृता देवी बिश्नोई वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार' अमृता देवी बिश्नोई की स्मृति में दिया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अखिल भारतीय एएसआई सिंपोजियम**<br>■ हाल ही में, जयपुर स्थित जेईसीआरसी विश्वविद्यालय में 'अखिल भारतीय एएसआइ सिंपोजियम' का आयोजन किया गया।<br>■ **सिंपोजियम की थीम :** 'कॉस्मिक विजन 2047: अवलोकनों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के माध्यम से सूर्य और ग्रहों की गतिशीलता का अध्ययन'।<br>■ **आयोजक :** एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, इसरो और जेईसीआरसी विश्वविद्यालय। |
| 2. | **जनवरी, 2024 से अब तक राज्य में 42 नवीन न्यायालय स्थापित**<br>■ विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विधानसभा में जानकारी दी कि उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर प्रदेश में नए न्यायालय खोले जाते हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 से अब तक प्रदेश में 42 नवीन न्यायालय खोले जा चुके हैं। |
| 3. | **सहकारिता सदस्यता अभियान**<br>■ सहकारिता विभाग, राजस्थान द्वारा 2 से 15 अक्टूबर, 2025 तक 'सहकारिता सदस्यता अभियान' का संचालन किया जाएगा।<br>■ इस अभियान के तहत नवीन प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का गठन, सदस्यता अभिवृद्धि, पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित लाभार्थी को जोड़ना, भूमि विहीन PACS हेतु भू-आवंटन कार्यवाही आदि जैसे कार्य किए जाएंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **प्रदेश में 31 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय**<br>■ जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने विधानसभा में जानकारी दी कि विभाग द्वारा प्रदेश में 31 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 24 आवासीय विद्यालय एवं 2 मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। |
| 5. | **सिध्वी पंडित ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी**<br>■ जयपुर निवासी सिध्वी पंडित ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी बन गई है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## हिमाचल प्रदेश : चौथा पूर्ण साक्षर राज्य

### चर्चा में क्यों?

- 8 सितंबर, 2025 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा "डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना" विषय-वस्तु के साथ आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, 2025 के समारोह में हिमाचल प्रदेश को 'पूर्ण साक्षर' राज्य घोषित किया गया साथ ही इस प्रगति का श्रेय 'उल्लास: नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' को दिया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- नवीनतम घोषणा के अनुसार, हिमाचल प्रदेश (99.3 प्रतिशत) 'पूर्ण साक्षर' घोषित होने वाला मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा और लद्दाख के पश्चात् पाँचवाँ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश तथा चौथा राज्य है। अन्य राज्य और उनकी दावा की गई साक्षरता दरें हैं:

| राज्य | साक्षरता दर |
|---|---|
| मिजोरम | 20 मई, 2025 को देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हुआ। के PLFS सर्वेक्षण, 2023-24 के अनुसार इसकी साक्षरता दर 98.2 प्रतिशत है। |
| गोवा | देश का दूसरा पूर्ण साक्षर राज्य, जिसकी साक्षरता दर 99.72 प्रतिशत हैं। |
| त्रिपुरा | देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य, जिसकी साक्षरता दर 95.6 प्रतिशत दर्ज की गई। |
| लद्दाख | 24 जून, 2024 को घोषित भारत का पहला पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश जिसकी साक्षरता दर 97 प्रतिशत हैं। |

#### शिक्षा मंत्रालय के अनुसार साक्षरता एवं पूर्ण साक्षरता की परिभाषा :

- **पूर्ण साक्षर :** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार 'पूर्ण साक्षर राज्य' का अर्थ 95 प्रतिशत साक्षरता दर के बेंचमार्क को प्राप्त कर लेना हैं, जिसे शिक्षा मंत्रालय पूर्ण साक्षरता (100 प्रतिशत) के समकक्ष मानता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **साक्षरता :** शिक्षा मंत्रालय साक्षरता को "समझ के साथ पढ़ने, लिखने और गणना करने की क्षमता" के रूप में परिभाषित करता है, जिसमें डिजिटल और वित्तीय साक्षरता जैसे आवश्यक महत्वपूर्ण जीवन कौशल शामिल हैं।
- **भारत में साक्षरता का मापन :** भारत की दशकीय जनगणना पारंपरिक रूप से साक्षरता डेटा का प्राथमिक स्रोत रही है।
- **जनगणना (2011):** सात वर्ष और उससे अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को जो किसी भी भाषा में समझ के साथ पढ़ और लिख सकता है, उसे साक्षर माना जाता है । 2011 की जनगणना के अनुसार, राष्ट्रीय साक्षरता दर 74 प्रतिशत थी। वयस्क साक्षरता दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) 69.3 प्रतिशत थी।
- ग्रामीण क्षेत्रों में 95.3 प्रतिशत (97.4 प्रतिशत ग्रामीण पुरुषों और 93.4 प्रतिशत ग्रामीण महिला) व्यक्तियों के पास बुनियादी साक्षरता और अंकगणित कौशल है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आँकड़ा 97.4 प्रतिशत (98 प्रतिशत पुरुष और 96.7 प्रतिशत महिला)है।
- **सर्वेक्षण 2023-24 :** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा नमूना सर्वेक्षणों के माध्यम से जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS), 2023-24 में सात वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए राष्ट्रीय साक्षरता दर 77.5 प्रतिशत हैं साथ ही 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए, यह अनुमान लगाया गया कि भारत में 22.3% लोग साक्षर नहीं हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### 'पूर्ण साक्षरता' को प्राप्त करने की प्रक्रिया:

| व्यक्तिगत स्तर पर पूर्ण साक्षरता | राज्य स्तर पर पूर्ण साक्षरता |
|---|---|
| **प्रशिक्षण :** उल्लास कार्यक्रम के तहत, वयस्क शिक्षार्थियों को बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणित के कौशल सिखाए जाते हैं जो एक बच्चा कक्षा 3 तक सीखता है। उन्हें व्यावहारिक जीवन कौशल भी सिखाए जाते हैं जैसे; समय पढ़ना, कैलेंडर का उपयोग करना, मुद्रा का उपयोग करना, चेक लिखना और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन करना। | राज्यों को पहले सर्वेक्षणों या अन्य डेटा के माध्यम से गैर-साक्षर आबादी की पहचान करनी होगी। |
| ↓ | ↓ |
| **मूल्यांकन और प्रमाणन :** शिक्षार्थी की चुनी हुई भाषा में 150 अंकों का कार्यात्मक साक्षरता और संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षण (FLNAT) प्रशासित किया जाता है। उत्तीर्ण शिक्षार्थीयो को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने के लिए प्रमाणित किया जाता है। | इन व्यक्तियों को उल्लास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और उन्हें FLNAT पास करना होता है। एक राज्य 95% साक्षरता दर प्राप्त करने के बाद 'पूर्ण साक्षर' का टैग प्राप्त कर सकता है। उच्च मौजूदा साक्षरता दर या अपेक्षाकृत कम आबादी वाले राज्य इस लक्ष्य को तेज़ी से प्राप्त करते हैं। |




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सरकारी प्रयास :

- **समग्र शिक्षा अभियान :** समावेशी एवं समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्री-स्कूल से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम।
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020:** राज्य-विशिष्ट लक्ष्यों एवं समय सीमाओं के साथ, वर्ष 2025 तक सभी प्राथमिक विद्यालयों में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आधारभूत साक्षरता तथा संख्यात्मकता मिशन की शुरुआत की गई।
- **निपुण भारत:** वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 के बच्चों के लिए सार्वभौमिक आधारभूत साक्षरता एवं गणनात्मकता प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया। यह समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत पाँच स्तरीय कार्यान्वयन संरचना (राष्ट्र, राज्य, जिला, ब्लॉक तथा स्कूल स्तर) का अनुसरण करता है।
- **साक्षर भारत (2009-2018) :** 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए यह योजना कार्यात्मक साक्षरता और संख्यात्मकता पर केंद्रित थी।
- **नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (ULLAS) :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2030 तक 100% साक्षरता प्राप्त करने के लक्ष्य से वर्ष 2022 से 2027 तक मध्य लागू किया गया एक केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम हैं जिसमें 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के निरक्षर वयस्कों को साक्षर बनने हेतु पाँच घटकों पर केंद्रित किया गया ; बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास और सतत् शिक्षा ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




- 26 भारतीय भाषाओं में संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता, डिजिटल साक्षरता तथा वित्तीय साक्षरता जैसी महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करना है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा (FLNAT) : उल्लास कार्यक्रम के तहत आयोजित एक राष्ट्रव्यापी परीक्षा है, जो भाग लेने वाले राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के सभी जिलों में लागू की जाती है।**
- **इसके अंतर्गत 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के पंजीकृत निरक्षर शिक्षार्थियों को आधारभूत साक्षरता तथा संख्यात्मक कौशल के माध्यम से साक्षर किया जाता हैं।**
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 : शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन, नियमन और प्रबंधन की मांग के तहत् एक आधुनिक प्रणाली स्थापित करने हेतु 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 (संशोधन 1992) के स्थान पर लागू किया गया, जो सतत् विकास लक्ष्य 4 (SDG 4) सहित 21वीं सदी के शैक्षिक लक्ष्यों के अनुरूप हैं।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (NSTFDC)

## चर्चा में क्यों?

- कोल इंडिया लिमिटेड तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम ने समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले जनजातीय विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है।

### NSTFDC के बारे में

- इसे केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत वर्ष 2001 में स्थापित किया गया।
- **उद्देश्य:** अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए कार्य करना, उन्हें बेहतर स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर बन सकें।
- यह संस्था जनजातीय युवाओं के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुदान भी प्रदान करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## कतर: चर्चित स्थान

### चर्चा में क्यों?

- भारत के प्रधान मंत्री ने कतर में हुए इजरायली हमलों और कतर की संप्रभुता का उल्लंघन करने की निंदा की है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### भौगोलिक अवस्थिति:

- **राजधानी:** दोहा
- कतर पश्चिम एशिया में अरब प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्व में स्थित देश है।
- **सीमावर्ती देश:** सऊदी अरब।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** फारस की खाड़ी और बहरीन की खाड़ी।

### भौगोलिक विशेषताएँ:

- **मुख्य स्थलाकृतिक विशेषताएँ:** रेत के टीले और लवणीय मैदान (सबखा)।
- कतर के पास दुनिया में प्राकृतिक गैस का तीसरा सबसे बड़े भंडार है और यह दुनिया में प्राकृतिक गैस के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# HIRE अधिनियम: अमेरिकी कानून

## चर्चा में क्यों?

- रिपब्लिकन सीनेटर बर्नी मोरेनो द्वारा प्रस्तावित विधेयक, जिसे "द हॉल्टिंग इंटरनेशनल रिलोकेशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एक्ट" (HIRE एक्ट) के नाम से जाना जाता है, विदेशों में नौकरियों की आउटसोर्सिंग करने वाली अमेरिकी फर्मों पर 25% कर लगाने का प्रयास करता है, जिसका भारतीय तकनीकी कंपनियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

## मुख्य बिन्दु:

### भारतीय आईटी कंपनियों पर प्रभाव

- भारतीय आईटी कम्पनियों को मूल्य निर्धारण दबाव में वृद्धि और लागत लाभ में कमी का सामना करना पड़ सकता है।
- कंपनियों को गैर-अमेरिकी बाजारों पर अधिक निर्भर बना सकता है।
- अमेरिकी ग्राहक, जो भारत के आईटी आउटसोर्सिंग राजस्व का 60% से अधिक हिस्सा बनाते हैं, खर्च कम कर सकते हैं, बड़े सौदों को रोक सकते हैं, या शर्तों पर पुनः बातचीत कर सकते हैं।

### अमेरिका-भारत व्यापार संबंध


- अमेरिका भारत का प्रमुख निर्यात गंतव्य है, जो वित्त वर्ष 2024 में कुल निर्यात का 17.7% है।
- अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 45.7 बिलियन डॉलर है, जिसमें 38 बिलियन डॉलर वस्तुओं में तथा शेष सेवाओं, मुख्यतः आईटी और सॉफ्टवेयर में है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत-मॉरीशस संबंध

## चर्चा में क्यों?

- भारत की यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधान मंत्री ने कहा कि भारत मॉरीशस का भरोसेमंद भागीदार रहा है और रहेगा।




## मुख्य बिन्दु:

### भारत-मॉरीशस संबंध

- **आर्थिक:** भारत मॉरीशस के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में से एक के रूप में उभरा है। भारत द्वारा प्रमुख निर्यातों में फार्मास्यूटिकल्स, कपास, अनाज, मोटर वाहन और खनिज ईंधन शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- o मॉरीशस भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 2000 के बाद से भारत की संचयी FDI में लगभग 25% का योगदान करता है।

- **विकास साझेदारी:** भारत ने मॉरीशस को विशेष आर्थिक पैकेज और मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट भवन, सामाजिक आवास जैसी प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट का विस्तार किया है।
- **सांस्कृतिक:** मॉरीशस की लगभग 70% आबादी भारतीय मूल की है।
  - o गिरमिटिया (अनुबंधित भारतीय मजदूर) पहली बार 1729 में पुडुचेरी से मॉरीशस लाए गए थे।
- **सामरिक और भू-राजनीतिक महत्त्व:** पश्चिमी हिंद महासागर में मॉरीशस की अवस्थिति भारत की समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है।
  - o मॉरीशस भारत के महासागर (MAHASAGAR) विज़न और 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के लिए महत्वपूर्ण है। यह अफ्रीका में भारत के व्यापार और निवेश के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## एस्परजिलस (Aspergillus)

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, पश्चिमी घाट में ब्लैक एस्परजिलस की दो नई प्रजातियों की पहचान की है।

**मुख्य बिन्दु:**

**एस्परजिलस के बारे में:**

- एस्परजिलस एक प्रकार के फिलामेंटस कवक (fungi) का समूह है, जो सैप्रोफाइट्स, एंडोफाइट्स, और अवसरवादी रोगजनक (Opportunistic pathogens) के रूप में काम कर सकते हैं।
- **बायोटेक्नोलॉजी में उपयोग:** ब्लैक एस्परजिलस साइट्रिक एसिड उत्पादन, खाद्य पदार्थ के किण्वन (एंजाइम, कार्बनिक अम्ल आदि का उत्पादन), और कृषि (फॉस्फेट स्थिरीकरण क्षमता) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- इसकी कुछ प्रजातियाँ खतरनाक फंगल रोगजनक का कारण बन सकती हैं और यह कैंसरजनक भी हो सकती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## एआई-आधारित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम 'नेवर अलोन'

### चर्चा में क्यों?

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली ने छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए एक एआई-आधारित मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम "नेवर अलोन" शुरू किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- यह कार्यक्रम विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर शुरू किया गया और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### कार्यक्रम का उद्देश्य:

- छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या से जुड़े कलंक को कम करना है।
- छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समर्थन प्रदान करने के लिए एआई-आधारित परामर्श सेवा शुरू की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)

## चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) को 10 सितंबर 2020 को आरंभ किया गया था।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- अब इस योजना को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है।
- **नोडल एजेंसी:** राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) PMMSY के तहत प्रशिक्षण, जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है।
- PMMSY को एक अम्ब्रेला योजना के रूप में क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय क्षेत्रक के घटक और केंद्र प्रायोजित योजना के घटक दोनों शामिल होंगे।

### उपलब्धियाँ

- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश एवं वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 8% का योगदान करता है।
- इस योजना ने रोजगार और महिलाओं को सशक्त बनाया है।

### रणनीतिक पहलें

- **मात्स्यिकी में महिलाओं का सशक्तिकरण:** महिलाओं से संबंधित परियोजनाओं के लिए 60% तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और जलवायु-अनुकूल तटीय गांवों को समर्थन दिया जाता है।
- उत्पादकता को संधारणीय रूप से बढ़ाने के लिए बायोफ्लॉक और रीसर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) इकाइयों का विस्तार किया गया है।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म:** प्रधान मंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना (PMMSY की उप-योजना) और राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा इस क्षेत्र का औपचारिकरण किया गया है। साथ ही, लाभों के लिए सिंगल विंडो सुविधा भी प्रदान की गई है।
- 100 क्लाइमेट रेसिलिएंट कोस्टल फिशरमैन विलेज (CRCFV) के विकास का उद्देश्य तटीय समुदायों में क्लाइमेट रेसिलिएंट क्षमता को बढ़ाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA)

### चर्चा में क्यों?

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले संगठनों के संस्थापक सदस्यों की पृष्ठभूमि की जांच पंजीकरण के समय ही करने का निर्णय लिया है।

### मुख्य बिन्दु:

**RPA, 1951 की धारा 29A:**

- राजनीतिक दलों को अपनी स्थापना के 30 दिनों के भीतर निर्वाचन आयोग के पास पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा।
- संविधान के अनुच्छेद 324 और RPA 1951 की धारा 29A के तहत ECI के दिशानिर्देशों के अनुसार पंजीकरण के लिए आवेदन किए जाते हैं।
- **अनिवार्य शपथ:** संगठन या निकाय विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान तथा समाजवाद, पंथनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखेंगे तथा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखेंगे।
- पंजीकरण के संबंध में निर्वाचन आयोग का निर्णय अंतिम होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## स्वामी विवेकानंद के 1893 के शिकागो भाषण की 132वीं वर्षगांठ

### चर्चा में क्यों?

- शिकागो धार्मिक सम्मेलन की 132वीं वर्षगांठ 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद को संदर्भित करता है।

### मुख्य बिन्दु:

- **तिथि और स्थान:** विश्व धर्मों की पहली संसद सितम्बर, 1893 तक शिकागो में विश्व कोलंबियन प्रदर्शनी में आयोजित हुई थी।
- **प्रमुख आयोजक:** सम्मेलन की परिकल्पना स्वीडनबोर्गियन आम आदमी चार्ल्स कैरोल बोनी और यूनिटेरियन मंत्री जेनकिन लॉयड जोन्स ने की थी। पादरी जॉन हेनरी बैरोज़ को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

**भारतीय इतिहास और संस्कृति**

- **धार्मिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण:** विवेकानंद के भाषणों ने भारत में आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के विचार को महत्वपूर्ण गति दी और भारत के प्राचीन दर्शन वेदांत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।
- **भारत की सॉफ्ट पावर:** इस आयोजन ने शांति, सहिष्णुता और सद्भाव के दूत के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया, जो वैश्विक मंच पर इसकी पहचान को आकार दे रहा है।

**नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय संबंध**

- **सार्वभौमिकता और सहिष्णुता:** विवेकानंद द्वारा व्यक्त सार्वभौमिक स्वीकृति और धार्मिक सद्भाव का संदेश भारत की दार्शनिक परंपराओं और विदेश नीति सिद्धांतों की आधारशिला बना हुआ है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सांप्रदायिकता को संबोधित करना:** सांप्रदायिकता और कट्टरता के खिलाफ उनकी चेतावनियाँ आधुनिक युग में वैश्विक संघर्षों और धार्मिक प्रतिद्वंद्विता को संबोधित करने में अभी भी अत्यधिक प्रासंगिक हैं।
- स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कलकत्ता में नरेंद्रनाथ दत्त के रूप में हुआ था। वे रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे और सेवा, शिक्षा और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों के समर्थक थे।
  - उन्होंने अद्वैत वेदांत के आदर्शों के प्रचार हेतु 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना। की। 1902 में रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ में उनका निधन हो गया।
- राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR